2. **UREM of flat/apartment No. 902, 9 th Floor in Apex Green Valley" A block situated at village Prahlad garhi, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad measuring super area 202.06 sq. mtrs owned by Sh. Deepak Johri.**
3. **UREM of flat/apartment No. D-701, 7 th Floor in Apex Green Valley" D block along with one covered car parking situated at village Prahlad garhi, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad measuring covered area 161 sq. mtrs owned by Sh. Sukhbeer Singh.**
4. **UREM of free hold flat Built-up 2 nd Floor (half portion rear side) without roof rights area measuring 174. 50 sq. Yards in the building bearing Muncipal No. B-67-AB, constructed on total plot area admeasuring 349 sq. Yards alongwith proportionate undivided, indivisible and impartible ownership rights in the plot situated at Kalkaji, New Delhi owned by Smt. Sweta Singh**

Date : 02nd September 2021
Place : New Delhi

Authorised Officer
Canara Bank

'दिवाला कानून के कामकाज का निष्पक्षता से हो आकलन'

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

आइबीबीआइ के अध्यक्ष एमएस साहू ने गुरुवार को दिवाला कानून के कामकाज का आकलन करने के लिए व्यापक और निष्पक्ष संरचना के निर्माण पर जोर दिया ताकि इसे लेकर तत्काल सुधार किया जा सके। उनकी टिप्पणी 2016 में लागू की गई दिवाला और शोधन अक्षमता संहिताके व्यापक प्रभाव को लेकर व्यक्त किए जा रहे अलग-अलग तरह के विचारों की पृष्ठभूमि में आई है। भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आइबीबीआइ) आइबीसी को लागू करने वाला प्रमुख संस्थान है जो संकटग्रस्त आस्तियों के लिए बाजार संबद्ध और समयबद्ध समाधान प्रदान करता है। उन्होंने कहा, 'हमें (आइबीसी के) व्यापक और निष्पक्ष आकलन के लिए एक संरचना की जरूरत है जो इसके सही दिशा में बढ़ते रहने, प्रदर्शन का आकलन करने और त्वरित सुधार करने में मदद करे।'

सूचकांक और निफ्टी नई ऊंचाई पर

- सूचकांक 514.33 अंक यानी 0.90 फीसद की बढ़त के साथ 57,852.54 अंक के रेकार्ड स्तर पर बंद हुआ।
- एनएसई निफ्टी भी 157.90 अंक यानी 0.92 फीसद चढ़कर 17,234.15 अंक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

मुंबई, 2 सितंबर (भाषा)।

एक दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजारों में फिर तेजी लौट आई। बीएसई सूचकांक गुरुवार को 514 अंक से अधिक उछल कर नए रेकार्ड स्तर पर बंद हुआ। आइटी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और बैंक शेयरों में तेजी से बाजार को गति मिली।

तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक 514.33 अंक यानी 0.90 फीसद की बढ़त के साथ 57,852.54 अंक के रेकार्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 157.90 अंक यानी 0.92 फीसद चढ़कर 17,234.15 अंक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। सूचकांक में शामिल शेयरों में 3.34 फीसद की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में टीसीएस का शेयर रहा। इसके अलावा एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, डा. रेड्डीज, नेस्ले इंडिया, कोटक बैंक, और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहे। सूचकांक की तेजी में करीब आधे का योगदान टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचयूएल और एचडीएफसी का रहा है।

दूसरी तरफ, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 2.29 फीसद की गिरावट आई। कंपनी ने कहा कि वह वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की कमी के कारण उत्पादन में 25 फीसद की कमी करेगी। गिरावट वाले अन्य शेयरों में बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स और एलएंडटी शामिल हैं। इनमें 0.79 फीसद तक की गिरावट रही। सूचकांक में शामिल 30 शेयरों में से 22 लाभ में जबकि आठ नुकसान में रहें।

आनंद राठी के इक्विटी शोध प्रमुख नरेंद्र सोलंकी ने कहा, 'अमेरिका में रोजगार के आंकड़े आने से पहले एशियाई बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच घरेलू बाजारों में शुरुआत सकारात्मक रही। दोपहर के कारोबार में कारोबारियों के लिवाल बने रहने से बाजार में तेजी को और बल मिला।' जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बेहतर आर्थिक आंकड़ों, एफआइआइ (विदेशी संस्थागत निवेशक) की लिवाली और अमेरिका में रोजगार आंकड़े आने से वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार में तेजी रही।' उन्होंने कहा कि आर्थिक आंकड़े पूंजीगत सामान और औद्योगिक जैसे प्रमुख क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन का संकेत देते हैं। इसके अलावा, हाल की तेजी के बाद निवेशक वैसे शेयरों को तरजीह दे रहे हैं, जो निवेश के लिहाज से सुरक्षित हो। वाहन क्षेत्र में माह के आधार पर हल्की बिक्री के कारण इस क्षेत्र को छोड़कर अन्य सभी प्रमुख क्षेत्रों का प्रदर्शन अच्छा रहा।'

निर्यात कारोबार अगस्त में 45 फीसद उछल कर 33.14 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

देश से विभिन्न वस्तुओं का निर्यात अगस्त के दौरान एक साल पहले के इसी माह की तुलना में 45.17 फीसद की जोरदार वृद्धि के साथ 33.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एक साल पहले अगस्त में 22.83 अरब डालर का निर्यात किया गया था।

- चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 66.92 फीसद बढ़कर 163.67 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

वाणिज्य मंत्रालय के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 66.92 फीसद बढ़कर 163.67 अरब डॉलर तक पहुंच गया। एक साल पहले इसी अवधि में 98.05 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। वहीं, अगस्त में आयात 51.47 फीसद बढ़कर 47.01 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी माह में यह 31.03 अरब डॉलर रहा था। आंकड़े के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आयात 81.75 फीसद बढ़कर 219.54 अरब डॉलर रहा। व्यापार घाटा इस वर्ष अगस्त में 13.87 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 8.2 अरब डॉलर था।

उच्च न्यायालय ने नए वाहनों का संपूर्ण बीमा अनिवार्य करने के आदेश को स्थगित रखा

चेन्नई, 2 सितंबर (भाषा)।

मद्रास उच्च न्यायालय ने नए मोटर वाहनों के लिए अनिवार्य रूप से पांच साल तक शत प्रतिशत नुकसान की भरपाई करने वाला पूर्ण बीमा (बंपर-टू-बंपर) कराने के अपने आदेश को फिलहाल स्थगित रखा है। साधारण बीमा कंपनी (जीआइसी) ने अदालत से अनुरोध किया था कि भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की मंजूरी के बिना इस फैसले को लागू नहीं किया जा सकता है और ऐसा करने के लिए 90 दिनों की जरूरत होगी। इसके बाद न्यायमूर्ति एस वैद्यनाथन ने चार अगस्त को पारित अपने आदेश को स्थगित रखने का फैसला किया।

मद्रास उच्च न्यायालय ने इससे पहले फैसला देते हुए कहा था कि एक सितंबर से बिकने वाले नए मोटर वाहनों का संपूर्ण बीमा (बंपर-टू-बंपर) अनिवार्य रूप से होना चाहिए। संपूर्ण बीमा यानी 'बंपर-टू-बंपर' बीमा में वाहन के फाइबर, धातु और रबड़ के हिस्सों सहित 100 फीसद नुकसान का बीमा मिलता है। जीआइसी के वकील ने बुधवार को यह मामला उठाते हुए न्यायमूर्ति वैद्यनाथन से कहा कि इरडई एक नियामक संस्था है और इसकी मुख्य भूमिका बीमा व्यवसाय के क्षेत्र में सामने आने वाले सामान्य मुद्दों के संबंध में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों दोनों के साथ तालमेल स्थापित करना है। इसलिए, यह जरूरी है कि जीआईसी और इरडई, दोनों को इस अपील में पक्षकार बनाया जाए और उनकी बात सुनी जाए। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवहन आयुक्त ने 31 अगस्त को राज्य के सभी क्षेत्रीय परिवहन विभागों को अदालत के आदेश का प्रभावी कार्यान्वयन करने के लिए एक परिपत्र जारी किया था। जीआइसी के वकील ने 31 अगस्त को याचिका दायर कर कहा था कि बीमा कंपनियां अदालत के आदेशों का पालन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे केवल उन उत्पादों का वितरण करती हैं, जिन्हें इरडई मंजूरी देता है। उन्होंने अनुरोध किया कि बीमा कंपनियों को इरडई की मंजूरी के बाद कंप्यूटर सिस्टम में बदलाव करने के लिए 90 दिनों का वक्त चाहिए। तब तक, अदालत अपने आदेश को स्थगित कर सकती है।

'इंजीनियरों को राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के तरीके तलाशने चाहिए'

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता व निर्माण में होने वाली देरी पर चिंता जताते हुए सलाहकार इंजीनियर और डीपीआर इंजीनियरों से आत्मनिरीक्षण करने, कमियों को दूर करने व गुणवत्ता में सुधार लाने के तरीके तलाशने की अपील की।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को मिलीं कुछ बोलियां इतनी कम हैं कि किसी को आश्चर्य होता है कि क्या उसमें कर्मचारियों का वेतन और अच्छा काम शामिल है। गडकरी ने कहा कि स्वतंत्र इंजीनियरों और डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) इंजीनियरों के साथ मंत्रालय का अनुभव मिला-जुला रहा है क्योंकि जहां उन्होंने उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे के निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है, कुछ परियोजनाएं जिन्हें दो से चार साल में पूरा करने की जरूरत थी, वे दशकों से लटकी हुई हैं।वह बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित बैठक में कंसल्टिंग इंजीनियरों के साथ बातचीत कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि सलाहकारों द्वारा आत्मनिरीक्षण करने से पता चलेगा कि क्या गलत हुआ है और (परियोजना) समय पर पूरा करने के लिए कौन से कदम जरूरी हैं।

उत्पादन में 25फीसद तक कटौती करेगी महिंद्रा एंड महिंद्रा

नई दिल्ली, 2 सितंबर। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी के चलते उसके ऑटोमोटिव डिवीजन में उत्पादन में 25 फीसद तक की कटौती की जाएगी। इस कमी के चलते वाहन निर्माता इस महीने अपने संयंत्रों में सात दिन कोई उत्पादन कार्य नहीं करेंगे। कंपनी ने नियामकीय सूचना में कहा कि उसके ऑटोमोटिव डिवीजन को सेमीकंडक्टर की आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो दुनिया के कुछ हिस्सों में कोविड-19 पूर्णबंदी के कारण और बढ़ गई है। (भाषा)

अर्थव्यवस्था के दोबारा पटरी पर लौटने को लेकर सकारात्मक : वर्मा

नई दिल्ली, 2 सितंबर (भाषा)।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जयंत आर वर्मा ने गुरुवार को कहा कि इस समय अर्थव्यवस्था के दोबारा पटरी पर आने के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों में स्थिति तेजी से महामारी से पहले वाले स्तर पर पहुंच जाएगी। उन्होंने साथ ही कहा कि भारतीय वित्त क्षेत्र का बेहतर स्वास्थ्य भी आर्थिक वृद्धि के लिए एक सकारात्मक कारक है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के सदस्य वर्मा ने साक्षात्कार में कहा कि उच्च और निरंतर बनी हुई मुद्रास्फीति, मौद्रिक नीति के लिए एक बड़ा अवरोधक है। उन्होंने कहा, 'मैं इस समय अर्थव्यवस्था के दोबारा पटरी पर लौटने को लेकर काफी सकारात्मक हूं। मुझे लगता है कि इसकी मदद से हम संपर्क-गहन सेवाओं को छोड़ कर अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों में महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच जाएंगे।' वर्मा ने कहा कि आगे चुनौती 2018 के आसपास शुरू हुई मंदी को पलटने और निरंतर मजबूत वृद्धि हासिल करने की है।

उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि निरंतर वृद्धि मुख्य रूप से व्यापार क्षेत्र द्वारा पूंजी निवेश की वापसी पर निर्भर करती है और मैं इसे लेकर भी आशान्वित हूं और भारतीय वित्तीय क्षेत्र का बेहतर स्वास्थ्य भी आर्थिक विकास के लिए सकारात्मक कारक है।' कोरोना की खतरनाक दूसरी लहर के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 20.1 फीसद की रेकार्ड वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही का तुलनात्मक आधार नीचे होना और विनिर्माण व सेवा क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन रहा है।

कनरा बैंक Canara Bank
कनरा बैंक के 2-4-मोहन गार्डन उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059
कब्जा सूचना

कब्जा सूचना [धारा 13(4)]
(अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के एक्ट 54) (यहां के बाद "अधिनियम" वर्णित) के अंतर्गत केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 21.5.2021 जारी कर ऋणधारक श्री सुनील कुमार, प्रॉप्राईटर मै. तिरुपति बालाजी ट्रेडर्स को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 68,67,693.96 (रु. अड़सठ लाख सड़सठ हजार छः सौ तिड़ानवे एवं पैसे छियानवे मात्र) वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज 27 अगस्त, 2021 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित संपत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन संपत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 68,67,693.96 (रु. अड़सठ लाख सड़सठ हजार छः सौ तिड़ानवे एवं पैसे छियानवे मात्र) तथा उस पर ब्याज के लिये केनरा बैंक के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिये उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

पंजीकरण उप-जिला रामा पार्क, उत्तम नगर तथा जिला नई दिल्ली के भीतर फ्लैट नं./प्लॉट नं. बी-120, सि. नं./सिटी या टाउन सर्वे नं./खसरा नं. 525 में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः उत्तरः प्लॉट नं. बी-121, पूर्वः 20 फीट रोड, दक्षिणः प्लॉट का भाग, पश्चिमः लेन।

तिथि: 21.8.2021 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान: नई दिल्ली **केनरा बैंक**

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** (A Govt. of India Undertaking)
शाखा कार्यालयः चावड़ी बाजार, दिल्ली-110006
कब्जा सूचना धारा 13(4) के अन्तर्गत नियम 8(1) के तहत (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित [अधिनियम, 2002 (2002 का 54)] के अंतर्गत **यूको बैंक, चावड़ी बाजार, दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक **21.06.2021** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदार: निशा** को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.6,89,064.43 (छः लाख नवासी हजार चौंसठ रूपये तैंतालिस पैसे मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 01 सितम्बर, 2021** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे **सम्पत्ति** के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और **सम्पत्ति** का कोई भी लेनदेन **रु.6,89,064.43 (छः लाख नवासी हजार चौंसठ रूपये तैंतालिस पैसे मात्र)** और उस पर ब्याज के साथ **यूको बैंक, चावड़ी बाजार, दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों/गारंटरों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से जो फ्लैट सं. 32बी, पहला तल, पॉकेट-बी, सेक्टर-26, फेज-2, द्वारिका, डाकखाना द्वारिका, दिल्ली-110075. दिनांक 27.08.2013 को उप पंजीयक VII, दिल्ली में पंजीकृत पुस्तक संख्या 1, खण्ड संख्या 4955 पर पृष्ठ संख्या 148-149 पर वाहन विलेख संख्या 21933 के माध्यम से पंजीकृत। परिमाप 378 वर्गफीट।

तिथिः 01.09.2021 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थानः नई दिल्ली **यूको बैंक**

RITES **राइट्स लिमिटेड** (भारत सरकार का उपक्रम)
सीआईएन नं.: L74899DL1974GOI007227
पंजीकृत कार्यालय: स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली - 110092
ई-मेल : cs@rites.com; वेबसाइट : www.rites.com

47वीं वार्षिक आमसभा के लिए शेयर धारकों को सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि राइट्स लिमिटेड के सदस्यों की 47वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन बुधवार, दिनांक 29 सितंबर, 2021 को प्रातः 11:00 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल विधियों ("ओएवीएम") के माध्यम से वार्षिक आम सभा के आयोजन के संबंध में वितरित की जा रही सूचना में निर्धारित कार्य-संपादन के लिए किया जाएगा।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के जारी प्रसार को देखते हुऐ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 5 मई, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020, 8 अप्रैल, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 तथा 13 अप्रैल, 2020 के परिपत्र संख्या 17/2020 के साथ पठित दिनांक 13 जनवरी, 2021 के सामान्य परिपत्र संख्या 02/2021 एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी दिनांक 12 मई, 2020 के परिपत्र संख्या एसईबीआई/एचओ/सीएफडी/ सीएफडी1/सीआईआर/पी/2020/79 (सामूहिक रूप से परिपत्रों के नाम से संदर्भित) द्वारा कम्पनियों को सदस्यों की बैठक का आयोजन किसी एक स्थान पर भौतिक उपस्थिति के बिना वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल विधियों (ओएवीएम) से करने की अनुमति दी गई है। इन परिपत्रों का अनुसरण करते हुए कम्पनी की वार्षिक आमसभा का आयोजन वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल विधियों (ओएवीएम) से किया जा रहा है।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के उपर्युक्त परिपत्रों एवं दिनांक 12 मई, 2020 के सेबी परिपत्र के अनुसरण में वार्षिक आमसभा की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन्हीं सदस्यों को इलैक्ट्रानिक माध्यम से भेजी जा रही है जिनके ईमेल पते कम्पनी/डिपोजिटरी के पास पंजीकृत हैं। सदस्य कृपया यह नोट करें कि वार्षिक आम सभा की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट **www.rites.com** तथा स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों क्रमशः **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध हैं। सदस्य केवल वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल विधियों से वार्षिक आम सभा में भाग तथा प्रतिभागिता कर सकते हैं। वार्षिक आमसभा में भाग लेने से संबंधित निर्देश वार्षिक आमसभा की सूचना में दिए गए हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अंतर्गत कोरम का गणन करने के उद्देश्य से वीडियो कांफ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल विधियों से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की गणना की जाएगी।

कम्पनी की ओर से अपने सभी सदस्यों को वार्षिक आम सभा की सूचना में निर्धारित संकल्पों पर अपना वोट देने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अलावा, कम्पनी वार्षिक आम सभा के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट देने की सुविधा भी प्रदान कर रही है। रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग से संबंधित विस्तृत प्रक्रिया वार्षिक आम सभा की सूचना में दी गई है।

यदि आपका ईमेल पता पहले से ही कम्पनी/आरटीए के पास पंजीकृत है तो आपको ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण आपके पंजीकृत ईमेल पते पर भेजा रहा है।

यदि आपका ईमेल पता कम्पनी/आरटीए के पास पंजीकृत नहीं है तथा/अथवा लाभांश की प्राप्ति के लिए आपका बैंक खाता मैनडेट अद्यतन नहीं है तो कृपया नीचे दिए निदेशों का अनुसरण करें :-

क) ई-मेल आईडी वार्षिक रिपोर्ट तथा ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण प्राप्त करने हेतु पंजीकृत करवायें **(21 सितंबर, 2021 तक सांय 5.00 बजे (आईएसटी) से पहले या तक)।**

क)	https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html पर जाएं।
ख)	कंपनी का नाम चयनित करें अर्थात राइट्स लिमिटेड;
ग)	डीपी आईडी तथा क्लाईट आईडी/फिजिकल फोलियों नंबर तथा पैन नंबर दर्ज करें। रिकॉर्ड में फिजिकल फोलियों के लिए पैन नंबर का विवरण उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में, सदस्य को अपने एक शेयर प्रमाण पत्र का नंबर दर्ज करना होगा;
घ)	प्रमाणीकरण के लिए, पैन कॉर्ड की स्व:सत्यापित प्रति अपलोड करें। यदि सिस्टम में पैन विवरण उपलब्ध नहीं है तो सिस्टम अपडेशन के लिए सदस्य को पैन कॉर्ड की स्व:सत्यापित प्रति अपलोड करने का निर्देश प्राप्त होगा;
च)	अपना ई-मेल पता तथा मोबाईल नंबर दर्ज करें;
छ)	इसके उपरांत, सिस्टम एजीएम नोटिस प्राप्त करने हेतु ई-मेल पते की पुष्टि करेगा।

ख) नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाऊस (एनएसीएच) या किसी अन्य माध्यम से सीधे लाभांश प्राप्त करना **(21 सितंबर, 2021 तक सांय 5.00 बजे (आईएसटी) से पहले या तक)।**

भौतिक धारण	क) https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html; पर जाएं; ख) "बैंक विवरण अपडेट" के अंतर्गत, निम्नलिखित जानकारी भरें: 1) बैंक खाता संख्या 2) बैंक का नाम 3) आईएफएससी कोड ग) पैन कार्ड की स्व:प्रमाणित स्कैन कॉपी अपलोड करें; घ) कंपनी में सदस्य के रूप में पंजीकृत किए गए पते की पुष्टि करवाने के लिए किसी भी दस्तावेज की स्वयं:सत्यापित स्कैन की गई प्रति (जैसेकि आधार कार्ड, पासपोर्ट) अपलोड करें; च) सदस्य के नाम तथा यदि शेयरों का संयुक्त धारण है तो प्रथम धारक के नाम वाले रदद किए गए चैक की स्कैन की गई स्वयं सत्यापित प्रति अपलोड करें।
डीमैट होल्डिंग	डीमैट रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी के साथ ई-पेमेंट मैनडेट को अद्यतन(अपडेट) कर लें।

इसके विकल्प के तौरपर, डीमैट स्वरूप में शेयरों का धारण करने वाले सदस्य अपने ईमेल पते एवं ई-पेमेंट मैनडेट अपने डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास तथा यदि शेयरों का धारण भौतिक स्वरूप में किया है तो रजिस्ट्रार के पास अद्यतन करवा सकते हैं।

वित्त अधिनियम, 2020 के अनुसार दिनांक 1 अप्रैल, 2020 से लाभांश आय शेयरधारकों द्वारा कर भुगतान किए जाने योग्य है तथा शेयरधारकों को चुकता किए जाने वाले लाभांश के प्रति कम्पनी से निर्धारित दरों पर स्रोत पर कर कटौती की जानी अपेक्षित है। शेयर धारकों से यह अनुरोध है कि विभिन्न वर्गों के लिए निर्धारित दरें ज्ञात करने के लिए वे वित्त अधिनियम, 2020 एवं उससे संबंधित संशोधनों का अवलोकन करें। शेयरधारकों से यह अनुरोध है कि वे अपना पैन कम्पनी/आरटीए के पास (यदि शेयरों का धारण भौतिक स्वरूप में किया है) तथा डिपोजिटरी (यदि शेयरों का धारण डीमेट स्वरूप में किया है) के पास अद्यतन करवा लें।

ऐसे निवासी वैयक्तिक शेयरधारक, जिनके पास पैन है तथा जो आयकर चुकता करने के पात्र नहीं हैं, स्रोत पर कर कटौती न किए जाने का लाभ, प्राप्त करने के लिए फार्म संख्या 15जी/15एच में वार्षिक घोषणा दिनांक 21 सितंबर, 2021 को सायं 5 बजे (आईएसटी) तक **vinay.kumar@linkintime.co.in** को ईमेल द्वारा भेज सकते हैं। शेयरधारकों से यह अनुरोध है कि कृपया वे यह नोट कर लें पैन पंजीकृत न होने की स्थिति में कर की कटौती 20 प्रतिशत की उच्चतर दर पर की जाएगी।

यदि किसी स्थिति में, बैंक खाता पंजीकरण न होने के कारण, कम्पनी किसी शेयरधारक को इलैक्ट्रानिक माध्यम से लाभांश का भुगतान नहीं कर पाती है तो ऐसे शेयर धारकों को लाभांश वारंट/चैक प्रेषित कर दिए जाएंगे।

कृते **राइट्स लिमिटेड**
हस्ताक्षर/-
श्री जोशीत रंजन सिकिदर
कंपनी सचिव

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : 03.09.2021

एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
CIN: L40101HR1975GOI032564
पंजीकृत कार्यालय: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर-33, फरीदाबाद, (हरियाणा)-121003
ई-मेल: companysecretary@nhpc.nic.in, टेलीफैक्स: 0129-2588110, वेबसाइट: www.nhpcindia.com

45वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना, ई-मतदान की जानकारी और बही बंदी

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एनएचपीसी लिमिटेड के सदस्यों की 45वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") और सेबी द्वारा जारी इस विषय पर अन्य लागू परिपत्रों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के अनुपालन में, दिनांक **अगस्त 28, 2021** की एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट किए गए कारोबार को संचालित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स ('ओएवीएम') के माध्यम से **बुधवार, सितंबर 29, 2021 को 3:00 बजे** आयोजित की जाएगी। सुसंगत परिपत्रों के अनुपालन में, **20 अगस्त, 2021 की स्थिति के अनुसार** उन सभी सदस्यों जिनके ई-मेल पते कंपनी / आरटीए / डिपॉजिटरी सहभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं, को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 दिनांक **सितंबर 02, 2021** को भेज दी गई है। पूर्वकथित दस्तावेजों को कंपनी की वेबसाइट www.nhpcindia.com पर और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर और ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात् मेसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को इस अधिनियम की धारा 103 के तहत न्यूनतम अपेक्षित संख्या (कोरम) के उद्देश्य से गिना जाएगा।

आगे यह सूचित किया जाता है कि सुसंगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 91 के प्रावधानों और सेबी (एलओडीआर) के विनियम 42 के अनुसार, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक, **शनिवार, सितंबर 18, 2021 से बुधवार, सितंबर 29, 2021** तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगे।

इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से और एजीएम की तारीख तक सदस्यों द्वारा निःशुल्क निरीक्षण हेतु सूचना में विनिर्दिष्ट दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध है। ऐसे दस्तावेजों का निरीक्षण करने वाले सदस्य अपना नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी/फोलियो नंबर और स्थायी खाता संख्या (पैन) का उल्लेख करते हुए agm2021@nhpc.nic.in पर ई-मेल भेज सकते हैं।

सेबी (एलओडीआर) के विनियम 44 और सुसंगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 108 के अनुसार, कंपनी एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के माध्यम 45वीं एजीएम में संचालित किए जाने वाले कारोबार पर मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। कंपनी ने एजीएम के लिए ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं। सदस्य एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने मत दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

(क) 45वीं एजीएम की सूचना में यथा विनिर्दिष्ट कारोबारों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से संचालित किए जा सकते हैं।

(ख) सदस्य अपने रिमोट ई-वोटिंग क्रेडेंशियल्स का उपयोग करके वीसी / ओएवीएम के माध्यम से 45वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं।

(ग) वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए अनुदेश और ई-वोटिंग की प्रक्रिया को इस तरह से संचालित करना है, जिसमें भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य या जिन्होंने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, वे एजीएम के नोटिस में दिए गए निर्देशों के अनुसार ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं।

(घ) रिमोट ई-वोटिंग **शनिवार, सितंबर 25,2021** को **सुबह 9:00 बजे**